<u>सेवा निवृति के पश्चात संविदा पर पुनः नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित</u>

माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक सं० 1948-84 दिनांक 11-01-2021 एवं बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या 10,000 दिनांक 10-07-2015 के अनुसार व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय में दो त्वरित न्यायालय में सूचारू रूप से कार्य संपादन हेतु चार सहायक (तृतीय वर्ग) एवं चार अनुसेवक (चतुर्थ वर्ग) की सेवा निवृति के पश्चात पुनः नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

चयन हेतु उम्मीदवार की अधिकतम आयु 65 वर्ष है। इनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा समय-समय पर की जाएगी। यदि कार्य संतोषजनक नहीं हो तो संविदा रद्द की जा सकेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक-सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

संविदा पर पुनः नियोजन हेतु विभाग द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

संविदा पर नियोजित सेवानिवृत सरकारी सेवकों का मासिक मानदेय उन्हें प्राप्त होने वाले अंतिम वेतन + सेवानिवृति के समय अंतिम वेतन पर प्राप्त महंगाई भत्ता के योगफल की राशि में से पेंशन की राशि + सेवानिवृति के समय पेंशन की राशि पर प्राप्त महंगाई राहत की राशि को घटाने के बाद जो राशि प्राप्त होगी वही होगा, परन्तु पेंशन पर महंगाई राहत का भुगतान होता रहेगा। मासिक मानदेय की यह राशि उक्त सेवानिवृत सरकारी सेवक के संविदा अवधि में कार्यरत रहने की तिथि तक स्थिर रहेगी।

संविदा पर नियोजित सरकारी सेवकों को आकस्मिक अवकाश अनुमान्य होगा। पुनः निर्योजन कर्मियों का tenure Fast Track Courts के tenure के अनुसार co-terminus होगा। विस्तृत जानकारी हेतु माननीय उच्च न्यायालय का उपरोक्त पत्रांक सामान्य प्रशासन विभाग, पटना उपरोक्त संकल्प जो कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय में उपलब्ध है जिसे देखा जा सकता है।

अतः वैसे सेवा निवृत कर्मचारी जो त्वरित न्यायालय में कार्य करने के इच्छुक हैं, उनसे आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **02—02—2021** समय **04:30** बजे संध्या/आवेदन जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बेगूसराय के पदनाम से समर्पित किया जाना है। अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। व्यवहार न्यायालय से सेवा निवृत कर्मचारियों को प्राथमिकता दिया जायेगा।

निम्नांकित प्रारूप में स्वलिखित आवेदन समर्पित करें।

1. आवेदक का नाम
2. आवेदक के पिता का नाम
3. पत्राचार का पता
4. स्थाई पता
5. जन्म तिथि (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. शैक्षणिक योग्यता
7. आवेदन की अंतिम तिथि को उम्र
8. विभाग का नाम एवं पता जहाँ कार्यरत थे
9. पद का नाम जिसपर कार्यरत थे
10. सरकारी सेवा में योगदान की तिथि
11. सेवा निवृति की तिथि

फोटो

(सेवा निवृति से सम्बंधित पी० पी० ओ०/सेवा निवृती से सम्बंधित अन्य कागजात संलग्न करना आवश्यक है।)

मैं घोषणा करता हूँ कि ऊपर दी गयी विवरणी सही-सही है।

आवेदक का हस्ताक्षर

तिथि :

मो० सं० :

21.1.2021

जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बेगूसराय।